''ठीक है, पर एक मिनट रुको। मै जरा कमरे के अंदर चला जाऊं।''

''क्यों...''

''ऐसे ही मेरा मन कर रहा है। ज्यादा सच्चाई मुझसे बर्दाश्त नहीं हो पा रही है।''

''अच्छा ठीक है, आप कमरे के अंदर से ही बोलिए।''

''मैं मोबाइल उठाकर कमरे के अंदर भागा और झट से कुंडी लगा ली।अंदर जाकर मैने पत्नी की सेल्फी को भरपूर नजरों से देखा और कहा-''मै कुदरत के फैसलों में दखल अंदाजी नहीं करता। तुम मेरी नजर में इसलिए खूबसूरत हो क्योंकि तुम मेरी जीवन संगिनी हो। मेरे बच्चों की माँ हो और मै तुमसे सच्चा प्यार करता हूँ । जहाँ तक फोटो की सच्चाई की बात है तो तुम्हारे दाँत खरगोश जैसे है जो हँसते समय लिज्जत पापड़ का विज्ञापन देते नजर आते है और यह जो तुम पँद्रह सालों से लगातार डाई कर रही हो और आज तुमने अचानक बिना डाई किये हुए फोटो डाले हैं तो ऐसा लग रहा है मानों काले मेघों के बीच रह रहकर चमचमाती बिजली कड़क रही है।

बाहर से जब कोई आवाज नहीं आई तो मैंने धड़कते हुए दिल से कुंडी की तरफ देखा।

कुंडी ठीक से बंद थी।

मैंने अंदर से ही पूछा-'' तुम सुन रही हो ना।''

मेरी पत्नी जिसने कभी मैदान छोड़ कर जाना सीखा ही नहीं था, बोली-''सब सुन रही हूँ..थोड़ा और बताइये।''

आवाज में गंभीरता का पुट था पर मेरे पिटने के आसार नहीं थे इसलिए मेरी हिम्मत बढ़ी और मै बोला-''तुम्हारी आँखों के नीचे काले घेरे हैं जिन पर अगर तुम खीरा रखो तो घेरे मिट जाएँगे। चेहरे पर हल्दी और शहद लगाने से थोड़ी लुनाई भी आ जायेगी और यह जो तुमने मुँह के ऊपर पांच अलग अलग तरह की नेल पॉलिश लगाकर उँगलियाँ रखी हुई है वह मुझे इंद्रधनुष की याद दिला रही है। और अगर तुम रोजाना चार किलोमीटर टहलो तो तुम्हारा कमरा मेरा मतलब है कमर ....''

बात पूरी होने से पहली ही पत्नी दहाड़ी -''चेहरे की सेल्फी में तुम्हें कमर कहाँ से दिख रही है।''

और इसके साथ ही दरवाजे पर उसके मजबूत हाथों की थाप सुनाई दी

मै तुरँत पलंग के अंदर घुस गया।

दरवाजा खोलो....

नहीं..कभी नहीं....

अरे, खोलो तो ...मुझे मोबाइल चाहिए।

यह सुनकर मै पलंग के अंदर से निकला और मैने धीरे से पूछा, क्यों चाहिए मोबाइल।

मेकअप करके सेल्फी लेनी है..बाहर से पत्नी के खिलखिलाने की आवाज आई।

और मैने कुंडी खोलकर अपना हाथ दरवाजे के बाहर बढ़ा दिया।

डॉ. मंजरी शुक्ला

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 40

THE UNCOMMON MAN

R K LAXMAN



For more than 50 years, a man had silently voiced the opinion of India. He would peep in from the front page of the newspaper every morning, and would leave us with a smile on our faces. He was the great cartoonist RK Laxman's Common Man.

Rasipuram Krishnaswami Laxman was one of the most well-known Indian cartoonists, and will always remain. If we are to ask any common Indian the name of one Indian cartoonist, he would undoubtedly say, Laxman.

Born in 1921 in the then-Mysore state, Laxman started his cartooning journey at almost the same time when India got independence.

Laxman's fascination with drawing began at a very early age while he was in school. Even before he could read, he would just sit gazing at the illustrations in newspapers and magazines such as The Strand Magazine, Punch, Bystander, Wide World and Tit-Bits.

Another major influence on the little Laxman was the work of the world-renowned British cartoonist, Sir David Low whose cartoons would often appear in The Hindu. He misread Low's signature as 'cow' for a long time!

Laxman would sit sketching in his classroom too. Once he drew a doodle of his teacher looking like a tiger cub, which, of course, sent the entire classroom into a tizzy.

After high school, Laxman applied at Bombay's famous JJ College of Art, but was rejected there. He was told that 'his drawings lacked the kind of talent to qualify for enrolment in our institution as a student'. Later Laxman was invited as a Chief Guest at the same JJ College when he had become a big name in the world of cartooning!

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 41

Anyway, the rejection didn't disappoint him, and he studied Bachelor of Arts from the University of Mysore. During his studies, he also started taking up work as a freelancer in newspapers. He contributed cartoons to Swarajya and an animated film based on the mythological character, Narada. He also sketched for his brother RK Narayan's famous 'Malgudi Days'.

Laxman's big break came when he was asked to draw a cartoon strip on the notorious Kalbadevi shooting for the then-popular investigative weekly tabloid newspaper, Blitz. Another famous Indian cartoonist Abu Abraham also contributed his early work in Blitz.

As a 20-year-old, Laxman got his first full-time job as a political cartoonist at Mumbai's Free Press Journal. It was here that he met Bal Thackeray, who worked as a cartoonist before starting his political party, the Shiv Sena. They remained dear friends till Thackeray's death on 17th November 2012.

After that, Laxman moved to The Times of India in 1947. Rest, as they say, is history. As the ToI's cartoonist, Laxman had a field day - always taking a bit cynical, humorous, and hapless, view of the Indiapost independence.

A decade after he joined ToI, he created his famous Common Man, in 1957 who featured in his cartoon strip 'You Said It'. However, the common man never said anything, but watched everything, like an average Indian. The antics of all Laxman's powerful subjects - who became equal under his brutal pen and brush - were reduced to ordinary jokes or public buffoonery. He spared none, from Nehru to Rajiv, and everyone in between.

WHAT LAXMAN SAID...

- CHANGE? DOES THE COLOUR OF THE SKY CHANGE EVER? MY SYMBOL WILL NEVER CHANGE.
- I AM GRATEFUL TO OUR POLITICIANS. THEY HAVE NOT TAKEN CARE OF THE COUNTRY, BUT ME.
- MY COMMON MAN IS OMNIPRESENT. HE'S BEEN SILENT ALL THESE 50 YEARS. HE SIMPLY LISTENS.
- MY SKETCH PEN IS NOT A SWORD, IT'S MY FRIEND.
- NOTHING LIKE INDIA FOR CARTOONING AND DRAWING!

WHAT THEY SAID AFTER LAXMAN'S DEMISE...

- RK LAXMAN CONVEYED IMPORTANT SOCIAL MESSAGES USING HUMOUR AS A TOOL AND REMINDED THE PUBLIC THAT PEOPLE IN AUTHORITY ARE FALLIBLE AND HUMAN.

PRESIDENT PRANAB MUKHERJEE

- WE ARE GRATEFUL TO RK LAXMAN FOR ADDING THE MUCH NEEDED HUMOUR IN OUR LIVES AND ALWAYS BRINGING SMILES ON OUR FACES.

PRIME MINISTER NARENDRA MODI

- LIFE EVEN FOR THE COMMON MAN BECOMES WORTH LIVING WITH SHRI LAXMAN'S WIT AND WISDOM IN FULL CRY. TO LAUGH AND MAKE OTHERS LAUGH AND TO THINK AND MAKE OTHERS THINK IS THE UNIQUE GIFT OF EVERY CARTOONIST OF REPUTE.

DR. APJ ABDUL KALAM

- RK LAXMAN'S 'COMMON MAN' REPRESENTED INDIA FOR MORE THAN ONE GENERATION.

SONIA GANDHI

Google's Doodle on Laxman on his first death anniversary

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 42





In 1993, Laxman suffered his first cardiac arrest, and later called it a day at The Times of India. But the readers wouldn't have it. It's said that phones at the ToI's office didn't stop ringing the day Laxman's cartoon didn't feature on the front page, and hundreds of letters poured in. The Times management literally dragged him out of retirement and welcomed the common man back on its front page. Laxman was rewarded with lifetime employment at ToI post that. He continued as a regular full-time employee and drew his salary till the end.

Laxman continued cartooning for the Times till 2010, even after suffering a second stroke in 2003 which paralysed his left side. In 2010, he suffered another stroke which robbed him of his speech. Ill-health forced him to stop cartooning for the Times but he continued drawing till the very end. Laxman's works have been compiled into a whopping nine volumes of pocket cartoons. A book of select political cartoons, 'The Eloquent Brush' featuring his best commentaries from the Nehru to Rajiv Gandhi eras.

In addition to being a cartoonist, Laxman was also a writer and had published numerous short stories, essays and travel articles. He directed a movie, 'Wagle ki Duniya' for national television. A Hindi television serial 'RK Laxman ki duniya', which was based on his books completed 353 successful episodes on SAB channel.

Some of Laxman's short stories, essays and travel articleshave been collected in the book, The Distorted Mirror. He also authored three works of fiction, The Hotel Riviera, The Messenger and Servants of India. Several collections of Laxman's cartoons have been published in the series The Best of Laxman and Laugh with Laxman. In 1998, Laxman's autobiography, The Tunnel of Time,was published.

RK Laxman won numerous awards for his cartoons, including Asia's top journalism award, the Ramon Magsaysay Award, in 1984. The University of Marathwada and the University of Delhi conferred honorary Doctor of Literature degrees on him. In 2005, the Government of India honoured him with India's second highest honour, the Padma Vibhushan.

Laxman spent the last few years of his life in Pune. In the middle of January 2015, he was admitted to the hospital to treat a throat infection but complications ensued. The end of India's Uncommon Man came after multi-organ failure on 26 January 2015. The same year in November, his wife Kamala also left the world. After Laxman's death, she had said 'I will join you soon', and she lived up to her word.



Pune: Legendary cartoonist R K Laxman passed away in Pune on Monday. The 93-year-old cartoonist was suffering from urinary tract infection and other ailments and had been on ventilator support and dialysis at Deenanath Mangeshkar hospital here for the last few days.

Laxman was admitted to the intensive care unit of this hospital on January 17 from another hospital in the Aundh locality of the city where he lived.

"He had severe urinary tract infection following which he developed kidney failure, sepsis and then subsequent multi-organ fail-

that such freedom must go hand in hand with a heightened sense of responsibility.

For Laxman this was a non-issue. While he was convinced of the therapeutic values of satire, caricature and lampooning to sustain the health of a democracy, he was equally clear that these 'medicines' must be administered in careful doses so that they do not produce toxic side-effects. To strike a balance between these twin imperatives one needed both courage and caution. Laxman possessed these twin virtues in equal measure.

One reason why he was able to deploy them to wondrous effect was the environ-

YOU SAID IT

R. K. Laxman (1921-2015)

Because nobody said it after that! ToI's tribute to RK Laxman the day after his death

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 43



पता नहीं मैं कैसे कार्टूनिस्ट बन गया

(सुविख्यात कार्टूनिस्ट स्वर्गीय आर के लक्ष्मण का यह साक्षात्कार सन 1993 में 'धर्मयुग' के लिए सुदर्शना द्विवेदी ने लिया था)

कैसा स्वभाव जरूरी है कार्टूनिस्ट होने के लिए ?

हरेक चीज के लिए एक स्वस्थ अवमानना और विनोद वृत्ति (सेस ऑफ ह्यूमर) कार्टूनिस्ट के स्वभाव के लिए जरूरी अंग हैं।

मगर यह अवमानना और विनोद की वृत्ति कुछ को चोट भी तो पहुंचा सकती है?

यह व्यक्ति पर निर्भर करता है अगर व्यक्ति की वृत्ति न हो तभी उसे चोट पहुंच सकती है। उसमें विनोद वृत्ति हो तब नहीं, बल्कि अपना मजाक उड़वाने में भी मजा आता है अगर आप मजबूत इरादेवाले व्यक्ति हों और जानते हों कि क्या हैं तो आपको चोट नहीं पहुंचती है यह तो है ही कि कुछ चीजें मजाक उड़ाने की होती ही नहीं जैसे किसी की मां, बुढ़ापा, मौत, दुर्घटना मेंपाया लूला-लंगड़ा, अंधापन, इसका ध्यान रखना पड़ता है कार्टूनिस्ट को, अवमानना भी स्वस्थ होनी चाहिए और स्वसी कारणों से मजाक उड़ाते समय भी करुणा की बात भूली नहीं जा सकती।

आम व्यक्ति में, कहते हैं, विनोद वृत्ति की कमी है?

यह एक गलत धारणा है। विनोद वृत्ति आम आदमी में बहुत होती है। 47 साल तक मैं कैसे लोकप्रिय रहता, अगर पूरे देश और विदेश के भी लोग मेरी कला सराहते-समझते नहीं?

आपकी कार्टूनों पर कभी नाराजगी भी जाहिर हुई है?

बहुत बार नाराजगी भी ऐसी कि मेरी जान लेने की धमकियां दी गयी। मगर मैं इन पर ध्यान नहीं देता क्योंकि या तो ऐसे लोग मेरी बात ही गलत ढंग से समझ लेते हैं या वे मुझे कोई धर्मप्रचारक या उपदेशक मान बैठते हैं। मगर मैं न धर्मप्रचारक हूं न उपदेशक मैं लोगों से यह नहीं कहता कि वे जीवन कैसे जियें, मैं तो केवल उनकी कमजोरियों, असफलताओं और मूर्खताओं की तरफ इशारा करता हूं, मगर यदि कोई व्यक्ति अपनी मूर्खता की ओर इंगित करने केलए मुझे जान से मार डालना चाहे तो ऐसे मुर्ख व्यक्ति को तो मुझे नजरअंदाज ही करना पड़ेगा।

कोई वाकया सुनायेंगे?

एक बार एक आदमी ने मुझे लैटर-बम भेज दिया था। यह भारत-पाक संघर्ष्ज के दौरान की बात है। सौभाज्य से मेरे सिपॉय ने इसे देख लिया। यह बम अमरीकन कांसुलेट के लिफाफे में भेजा गया था। जब मैंने कांसुलेट से पता किया तो मालूम हुआ कि उन्होंने तो कुछ भेजा ही नहीं है मेरे पास। फिर पुलिस आयी और उस लिफाफे को लेकर गयी। यह 70 के दशक की बात है। अब ये हिंदू रुढ़िवादी हैं। इन्हें मेरे बनाये अधिकांशतः कार्टूनों पर आपत्ति है। ये तो ओमबुड्समैन तक के पास चले गये। मगर यह स्वतंत्र देश है जो अचानक तो तानाशाही में बदल नहीं सकता। यह तानाशाही बने तो, तब मैं भी हुक्म मानने लगूंगा।

तब आपातकला के दौराना तो आपको बड़ी परेशानी हुई होगी?

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 44

आपातकाल में तो बहुत दिक्कत आयी थी। दरअसल मुझ पर तो एकदम ही रोक लग गयी थी। तब मैं श्रीमती गांधी से मिलने गया, उन्होंने बहुत कृपापूर्वक मुझे वह करने की अनुमति दी जो मैं करना चाहता था मगर तत्कालीन सूचना प्रसारण मंत्री शुक्ल नहीं चाहते थे कि मैं कांग्रेस पार्टी या आपातकाल पर कोई भी कार्टून बनाऊं। उन्होंने कहा कि अगर आपने अपना काम जारी रखा तो आपको कैद कर लिया जायेगा। मैं तो तब त्यागपत्र देना चाहता था। 38 साल की नौकरी तो हो ही चुकी थी मेरी आखिर मैं महीने भर के लिए मॉरिशस चला गया क्योंकि यहां तो मेरी कोई जरूरत थी नहीं वहां मुझे पता चला कि श्रीमती गांधी ने आम चुनाव की घोषणा की है। वे हार गयीं और मैं वापस अपने काम पर जुट गया।

इससे तो काफी प्रेरणा मिली होगी आपको?

ढेर सारी! एक पूरी किताब आयी है इस पर।

आप राजनीतिक कार्टून ही क्यों बनाते हैं?

क्योंकि मैं राजनीतिक कार्टूनिस्ट हूं, सुब्बुलक्ष्मी से पूछिए वे कर्नाटक संगीत ही क्यों गाती हैं।

मगर जीवन में तो बहुत सारे विषय भरे पड़े हैं?

कहां ? भारत में तो सिर्फ एक ही विषय है राजनीति। दूसरे देशों की तरह यहां कोई दूसरा विषय है ही नहीं। यहां हर चीज रानीति से जुड़ी हुई है। किसी पार्टी में भी चले जाइए बात राजनीति की ही होगी। चाहे व्यापार-वाणिज्य हो, चाहे न्यायपालिा हो, चाहे सिनेमा हो, चाहे अपराध-हर चीज रानीति से जुड़ी है। मुझे एक चीज दिखाइए जो राजनीति से जुड़ी हुई न हो। अरे स्कूलों के दाखिलों तक में तो रानीति है।

आप इस समय शीर्ष पर हैं . . .

हूं क्या ? यह तो मुझे पता नहीं था शीर्ष्ज तो बड़ी खतरनाक जगह है, देखिए रेड्डी और नरसिम्हाराव के साथ कया हो रहा है।

इसीलिए तो यह सवाल है कि क्या आप यहां असुरक्षित महसूस नहीं करते?

भई, मैं तो नहीं सोचता कि मैं शीर्ष पर हूं या तल पर हूं, मैं अपना काम करता हूं और उससे संतुष्ट हूं मेरे मन में ऐसा कोई विचार नहीं है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं।

सिम्बोयसिस केम्पस पुणे में अपने 'कॉमन मेन' के साथ आरके लक्ष्मण

तब भारत के सर्वश्रेष्ठ कार्टूनिस्ट कौन हैं?

पता नहीं यह मैं नहीं बता सकता।

बाल ठाकरे ने 85 में इलेस्ट्रेटेड वीकली को दिये साक्षात्कार में दो कार्टूनिस्टों को सर्वश्रेष्ठ कहा था-स्वयं को और आपको। इस बार जब उनसे बात हुई तो उन्होंने सिर्फ आपका नाम लिया। अब आपको कुछ कहना है?

शायद वे ठीक ही कहते हैं। शायद मैं शीर्ष पर, लाचारी में। हालात ने मुझे यहां धकेल दिया है। मगर शीर्ष पर होने की भावना मुझ में कभी नहीं है। अगर मैं शीर्ष पर हूं तो बस हूं, इतना ही है।

आप और किन्हें अच्छे कार्टूनिस्ट कहेंगे?

मैं दूसरे कार्टूनिस्टों पर टिप्पणी नहीं करता।

कार्टून कला का भविष्य क्या है? आपने तो बड़ी लंबी पारी खेली है। अब आप भविष्य के बारे में जरूर सोच रहे होंगे कि आपकी जगह कौन ले सकते हैं?

मुझे महसूस होता है कि इस कला में लापरवाही आती जा रही है। मेरे वक्त से अब तक यह कला बढ़ी है, मगर मैं पाता हूं कि लापरवाह कार्टूनिस्ट अखबारों में जगह बना रहे हैं कहीं संपादकीय स्तर पर कोई जांच-पड़ताल है ही नहीं। मेरे कार्टून जरूर कभी किसी संपादक ने नहीं जांचे है, मगर नयी-नयी पत्रिकाओं और अखबारों में जो कार्टून छप रहे हैं वे लगता है दिमाग पर बिना जोर डाले बनाये गये हैं, जो मन में आया बना दिया न कोई रानीतिक समझ हैं, कम-से-कम विनोद तो ऐसा हो कि किसी दखी-समझी-बूझी चीज का कार्टून बनाया गया हो! इसके अलावा इनमें बहुत सारे तो चुराये हुए होते हैं। अभी आज ही एक पत्र मिला है जिसमें एक कार्टून प्रतियोगिता का नतीजा रोक लिया गया है। कारण मालूम है? प्रथम पुरस्कार विजेता महोदय ने मेरा ही एक पुराना कार्टून चुरा कर प्रतियोगिता में भेज दिया था। एक-आध रेखा इधर-उधर कर दी थी। बंगलोर के मेरे एक पुराने पाठक ने इसे देखा तो वह कटिंग मेरे पास भेजी। मुझे आयोजकों को इसकी इत्तला देनी ही पड़ी लिहाजा पुरस्कार रूक गया, मान लीजिए की बंगलोर का पाठक नहीं होता तब? तब तो चोरी के कार्टून पर पुरस्कार मिल ही गया होता।

तो भविष्य क्या होगा कार्टून का ?

लोग संजीदा नहीं है इस मामले में यही जो घटना अभी बतायी इन्हें ही अगर पुरस्कार मिल गया होता तो ये अपना काम जारी रखते मेरे नहीं तो किसी और के कार्टून थोड़ी-बहुत फेरबदल करके चुराते रहते और यह बताते हुए कि यह पुरस्कार विजेता भी हैं, इन्हें अखबारों-पत्रिकाओं में भेजते रहते और मूर्ख संपादक इन्हें छापते रहते जहां ऐसा होने लगता कार्टूनिस्ट महोदय को लगता कि वे अब स्थापित हो गये हैं, और वे अपने को खुल्लमखुल्ला कार्टूनिस्ट घोषित कर देते मगर यह सच थोड़े ही है! कार्टूनिस्ट बनने के लिए बहुत सारे क्षेत्रों में 10 से 15 वर्ष तक कठिन परिश्रम करना पड़ता है। पढ़ना पड़ता है। सामान्य ज्ञान, विज्ञान, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, विदेशी मामले सबकी गहरी जानकारी हासिल करनी पड़ती है। इसके अलावा उसे मानव आकृति बनाना भी अच्छी तरह आना चाहिए केवल गोदागादी (डूडलिंग) आना काफी नहीं है। गोदागादी करके कार्टून नहीं बना सकते आप।

इस स्थिति को सुधारा कैसे जा सकता है, क्योंकि यह कोई स्वस्थ स्थिति नहीं है?

हां नहीं है, इसे सुधार सकते हैं अस्वीकृति से सांदकों के अस्वीकार से लोगो को लगता है कि कोई भी कार्टूनिस्ट बन सकता है। मेरे पास बहुत से लोगों के पत्र आते हैं जो कार्टूनिस्ट बनना चाहते हैं, इनमे मेडिकल के छात्र भी होते हैं, इंजिनियरिंग के छात्र भी मगर यह संभव नहीं है हर कोई कार्टूनिस्ट नहीं बन सकता। सिर्फ इसलिए इस पेशे में आने की चाह कि इसमें पेसा है, ख्याति है, छपने की संभावना है, गलत है, काम का छपना महत्वपूर्ण नहीं होना चाहिए। मैंने 7 साल तक इस बात की परवाह नहीं की थी कि मेरा काम छपे भी मैं अपने संतोष के लिए कार्टून बनाता था और आज भी बनाता हूं।

क्या यह संभव है कि आपने जो राह अपनायी उस पर चलने के लिए नये कार्टूनिस्टों को भी प्रेरित किया जा सके?

मुझसे किसी ने कार्टूनिस्ट बनने को कहा थोड़े ही था! मैं बहुत अच्छे परिवार

●●

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 45

से हूं जहां पढ़ने-लिखने का माहौल था। मेरे भाई लेखक हैं। मगर मेरे परिवार में चित्रकार कोई नहीं है पता नहीं मैं कैसे कार्टूनिस्ट बन गया। दरअसल यह चीज कुछ ऐसी है जैसे किसी में संगीत के लिए नृत्य के लिए एक खास प्रतिभा होती है। और वह संगीतकार, नर्तक बन जाता है। यह 'स्पार्क' स्वतः स्फूर्त होता है, इसे चाहने से नहीं लाया जा सकता अगर नैसर्गिक रूप से सुरीली आवाज न हो तो गायक नहीं बना जा सकता।

मगर संगीत की प्रतिभाओं को स्कूलों या आकादमियों के माध्यम से निखारा जा सकता है अकादमियों के माध्यम से निखारा जा सकता है। क्या ऐसा कार्टूनिस्टों के मामले में संभव नहीं?

नहीं, दूसरा कोई मदद नहीं कर सकता आप खुद ही अपनी मदद कर सकते हैं। कोई शिक्षक आपको कार्टून बनाना नहीं सिखा सकता। वेसे भी अगर शिक्षक कार्टून बनाना सिखा सके तो फिर यह 5000 रूपये वेतनवाला शिक्षक क्यों बनेगा, खुद ही 50,000 रूपये कमानेवाला कार्टूनिस्ट नहीं बन जायेगा? यह कला दूसरे का संप्रेषित की जा ही नहीं सकती। जब लोग मेरे पास आते हैं कहते हैं हमें कार्टून बनाना सिखा दीजिए, मुझे बहुत गुस्सा आ जाता है उन पर। क्योंकि मैं खराब ड्राइंग बर्दाश्त ही नहीं कर सकता। और जब मैं उन्हें समझाता भी हूं तो वे समझ ही नहीं पाते ग्रहण नहीं कर पाते मेरा अर्थ मैं कहता हूं कि रेखाएं देख कर चित्र बनाना मत सीखों वास्तविक जीवन देखो और चित्र बनाओ मेरे सारे चित्रों की एक-एक रेखा मैंने वास्तविक जीवन से ली है। चाहे वह बैठा हुआ व्यक्ति हो, खड़ा हुआ हो या साधु हो। आप चित्रकार हुए बगैर कार्टूनिस्ट हो ही नहीं सकते। चित्रकार से मतलब है कि आपको रेखाचित्र बनाने आते हों, ड्राफ्ट्समैनशिप होनी चाहिए आप में शब्दों के कैप्शन से जुड़ा रेखाचित्र भी बेहद जरूरी है। अगर आपको ऐसा महसूस नहीं होता तो कार्टून बनाते ही क्यों है? सिर्फ कैप्शन लिख दीजिए!

वैसे कैप्शन कितना महत्वपूर्ण है?

जैसे दायें हाथ के साथ बायां हाथ महत्वपूर्ण है, वैसा ही महत्वपूर्ण है कैप्शन एक-दूसरे से जुड़े हैं दोनों।

आपका सबसे विवादास्पद कार्टून कौन-सा रहा है, जिसने खूब गर्मी पैदा की हो?

याद नहीं आता वैसे मेरे कार्टून तो हमेशा सुखद वातावरण ही बनाते रहे हैं।

मगर कुछ ने कई दिल जरूर जलाये होंगे?

हां, जलाये होंगे मगर मैं लोगों की राय सुनता नहीं। मैं वैसा आदमी नहीं हूं कि जो कुछ बनाने के बाद लोगों से पूछते घूमते हैं, उनकी राय मांगते रहते हैं। मैं कभी नहीं करता यह सब मेरे लिए तो यह मेरा काम है जो मेरे कार्टून बनाते ही खत्म हो जाता है। हां, लोग आ कर मेरे कार्टून खरीदते जरूर हैं। बहुत सारे कार्टून बिके हैं और हाल ही में शरद पवार का जो कार्टून बनाया था (कि शरद पवार का वजन दोनों तरह से कम हो रहा है) वह बहुत सारे लोग खरीदना चाहते थे। मगर फिर एक अमरीकी प्रोफेसर थे फिलाडेल्फिया के जो कार्टून को खरीद कर ले गये।

आप अपने आम आदमी के बगैर अपनी कल्पना कर सकते हैं?

हां, मगर क्या वह बगैर मेरे अपनी कल्पना कर सकता है?

मगर वह बहुत लोकप्रिय है न !

हां, वह तो पोस्टेज स्टैम्प पर भी विराजमान हो चुका है।

महिलाएं कार्टून क्यों नहीं बनाती?

इस सवाल का जवाब मैं नहीं दे पाऊंगा, आप दीजिए।

ये स्वभाव से निष्ठुर नहीं होती, इसलिए तो नहीं?

निष्ठुर नहीं होती? रहने दीजिए मेरे अनुभव अलग हैं।

आप लंबे समय से कार्टून बनाते आ रहे हैं, आप थके नहीं?

नहीं अगर थक जाऊं तो मैं कार्टूनिस्ट ही नहीं, कार्टूनिस्ट कभी थकता नहीं, मेरा काम मुझे नयी स्फूर्ति देता है। जितना ताजादम यहां पहले दिन महसूस करता था वैसा ही मुझे आज भी महसूस होता है। अपने में वही ताजगी और विस्मय की वही भावना महसूस होती है, जो काम के पहले दिन हुई थी। ऐसा न होता तो मैं बासी हो गया होता।

कार्टूनिस्ट हो कर कया खोया है आपने ?

अच्छा सवाल है, बहुत सारे काम कर सकता था मैं अगर कार्टूनिस्ट न होता तो मैं जादूगर बन सकता था, रस्सी पर चल सकता था या घड़ियों की मरम्मत कर सकता था, मेकेनिकल इंजिनियर बन सकता था। मशीनें और जादू दोनों मुझे बहुत पसंद हैं।

लक्ष्मण अपनी धर्मपत्नी कमला लक्ष्मण के साथ

युवा आरके लक्ष्मण अपने आदर्श कार्टूनिस्ट डेविड लो के साथ

और क्या पसंद है आपको?

कौए, कौए बहुत अच्छे लगते हैं मुझे कौआ के मेरे चित्र दस-दस हजार में बिके हैं। प्रदर्शनियां भी की हैं। अभी नवंबर में फिर होगी मुंबई और बंगलौर में इसके अलावा कैलेंडर्स भी डिजाइन करता हूं।

फायदे क्या हुए आपको कार्टूनिस्अ बनने के, पहचान और यथ के अलावा?

पैसा काफी मिला है मुझे।

अच्छा लगता है सुन कर कि किसी को तो अपना पैसा काफी लगता है। पर धीरे-धीरे बोलिए इनकमटैक्स वाले सुन न लें!

परवाह नहीं, मेरी सारी कमाई 'व्हाइट' में जो है, डरें वे जिनका काला पैसा हों! वैसे काफी ही कहना भी चाहिए न!

यहां कितने घंटे काम करते है?

सात-आठ घंटे।

इतने घंटे क्या करते हैं?

पढ़ता हूं, सोचता हूं और काम तो करता ही हूं।

इतना वक्त लगता है कार्टून बनाने में?

सोचने में ज्यादा वक्त लगता है। 3-4 घंटे! जब पहला आइडिया आये तो उसे कभी नहीं पकड़ना चाहिए, वह प्रलोभन होना है ताकि आप उसमें फंसे और खराब कार्टूनिस्ट बन जायें। बाद में हमेशा उससे बेहतर आइडिया आता है। नयी पीढ़ी के साथ यही गड़बड़ है। जो पहला आइडिया उनके मन आता है वे फौरन उसे बनाने बैठ जाते हैं और फटाफट अपना काम निबटा कर चलते बनते हैं। मैं कहता हूं कि दरअसल मैं बुरा कार्टूनिस्ट हूं, तभी तो मुझे इतना वक्त लगता है कार्टून बनाने में।

('धर्मयुग' से साभार)

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 46

Peter Pan of the Republic

Dileep Padgaonkar
Consulting Editor,
The Times of India

In the forty odd years that I knew R.K. Laxman I never ceased to marvel at the singular traits of his personality: boundless curiosity about the way the world spins, a penchant fordetecting an oddity in an individual, a place, an object, a situation, a bird or an animal, a zest for harmless mischief, a flair for mimicry and a rigorous discipline that he imposed on himself. All this taken together accounts - largely if not in full measure - for his prodigious output of cartoons and caricatures and their unprecedented appeal.

The appeal indeed cut across generations, party lines, ideological frontiers, across regions and communities and genders, across fads and fashions of the day.How did he pull this off? One reason, I reckon, is that Laxman deployed his gifts to expose the double-think and double-speak of the powerful and the influential with clarity and candour but without a shard of malice. That was his Laxmanrekha.

He depicted the ludicrous side of our nation's rulers with consummate aplomb. But never once did he offend their dignity. I can't recall any cartoon or caricature which carried the faintest whiff of prejudice against a religious community, a caste, a linguistic group, a gender. That quality endeared him to his readers. In their eyes he doubtless was the Peter Pan of our Republic.

Only once did he have to appear in court. One of his pocket cartoons in the Times of India had riled a Shiv Sena activist who proceeded to file a defamation suit against him, the editor(me) and the manager of the paper (Ram Tarneja) in a small town somewhere in the boondocks of Maharashtra. We had to travel for several hours in a particularly hot season to appear before a local magistrate to seek permission not to appear in person for subsequent court hearings. The proceedings lasted barely twenty minutes. What followed was a sight to behold: the judge, now





FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 47

It is safer to sleep in the middle of the road than on the pavement these days.

bereft of his official apparel, and the complainant rushed to Laxman outside the court to request him to pose for a photograph with them!

It is in his pocket cartoons that Laxman kept a tab on the concerns of average citizens which he depicted with an unerring sense of topical relevance: corruption of politicians, procrastination of babus, potted roads, water and electricity shortages, traffic jams, life in slums, the conceits of sundry holy men and women. These have lost none of their sting even today. Laxman's Common Man represented 'civil society' long before the term gained currency – a 'civil society' that is bemused and bewildered and often quite helpless in the face of everyday problems that assail it from all sides.

The point to note is that unlike many of his peers in journalism Laxman avoided the pit-falls of partisan politics and the dust and grime of ideological battles. But none of this was tantamount to an amoral stand. Quite to the contrary. His loathed humbug and cant in public life. Consider the targets of his ire: self-styled holy men, over-righteous politicians, those who wore patriotism on their sleeve and those who resorted to moral policing to avenge 'hurt sentiments.' Yet one of his favourite past-times was to draw Lord Ganesha. This, I suspect, had little or nothing to do with a religious impulse. It had everything to do with the Lord's supremely contended demeanour.

Laxman was no unalloyed modernist either. Not for him the enchantment of avant-garde art and literature. He would wrinkle his nose at the sight of an abstract painting or sculpture. Nor had he any patience for sweeping intellectual arguments. What mattered to him was rugged commonsense – one that he sought to expresswith abiding simplicity, directness and grace.

It is these very virtues that he celebratedin whatever tickled his fancy including, above all,crows. He once asked me to hurry to his room to witness a spectacle on the road beneath his office window. Half-a-dozen crows stood in a queue at the edge of a puddle. Each one entered it, flapped its wings in the water and exited at the other end when the next one followed. With one eye-brow arched, he then pointed to a bus-stop where the passengers jostled for standing room. He didn't utter a word. But he said it all. Much like his Common Man did day after day for five decades and more.

Courtsy:Outlook

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 48

लक्ष्मण:सबसे अलग,सबसे बेहतर

कार्टूनिस्ट)
वरिष्ठ कार्टूनिस्ट

स्वर्गीय आर के लक्ष्मण,जिन्हें कार्टून जगत का दिलीप कुमार कहा जाये तो गलत न होगा। जहाँ उनसे पहले कोई भी कार्टूनिस्ट इतने बड़े कद का नहीं हुआ और न ही उनके बाद। इसलिए हमारे देश में कार्टून बनाना सीखने वाले किसी भी नवोदय कार्टूनिस्ट के लिए सबसे पहला कायदा आर के लक्ष्मण के कार्टूनों का बारीकी से अध्ययन होता है। दूसरे शब्दों में लक्ष्मण हर नए कार्टूनिस्ट की अलिखित पाठशाला होते हैं, जहाँ वह दाखिला लेता है। यह बात और है कि उम्र बढ़ने के साथ-साथ सभी अपनी अलग पहचान बना लेते हैं मैं भी उनमे से एक था।

बचपन में अपनी हज से लौटी नानी को लेने मुंबई गया था .सुबह -सुबह किसी लोकल जानकार को लेकर उनसे मिलने की ललक लिए टाइम्स ऑफ इण्डिया के दफ्तर पहुंचा। चूंकि बहुत सुबह थी इसलिए वहां मौजूद गार्ड ने बताया कि दोपहर में आइये और उनके पीए से मिलिए । लेकिन बहुत कोशिश करने पर भी वहां लक्ष्मण जी से मेरी मुलाकात नहीं हो सकी।

बाद में सन 1993 में बाबरी मस्जिद विध्वंस की पहली बरसी पर वह 'सहमत' के बुलावे पर उसमे भाग लेने दिल्ली आये थे। उसी दौरान मेरी उनसे पहली मुलाकात हुई । उन दिनों मैं 'नवभारत टाइम्स के साथ 'इकोनोमिक टाइम्स' में भी कार्टून बनाता था। मिलने पर मैंने उन्हें जैसे ही अपने बारे में बताया, उन्होंने मुझे झट से बगल में बैठा लिया । कुछ घंटे वह वहीं बैठे साक्षात्कार देते रहे। बीच-बीच में अपना पढने वाला चश्मा मुझे पकड़ा देते । उसे छू भर के मुझे बहुत गर्व होता था। वह वाकई में मेरे लिए एक यादगार दिन था। आइ बी एच पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित उनके कार्टून संग्रह 'यू सेडइट' के कई वोल्युम मेरे पास थे। लक्ष्मण के कार्टूनों की एक बड़ी खासियत यह थी कि वह अपने कार्टून के पात्रों के साथ जितनी मेहनत करते थे, उतनी ही उसके बैकग्राउंडमें रखी चीजों, इंसानों या जानवरों के साथ भी करते थे । बैकग्राउंड देखकर लगता था जैसे कोई फोटोग्राफ देख रहे हों। लक्ष्मण के कार्टून पूरी तरह से मेनुअली बनाये जाते थे । वह उनमे कही टेक्नीकल सपोर्ट इस्तेमाल नहीं करते थे . चाहे वह ब्लैक एंड व्हाइट कार्टून हों या रंगीन। उस समय भी उनके हाथों से बनाये कार्टून तकनीक के सहारे बनाये कार्टूनों से कई गुना बेहतर होते थे ।वह अपने पूरे कार्यकाल में ब्रश से कार्टून बनाते थे, जो एक बहुत कठिन कार्य था। मैंने भी 'नवभारत टाइम्स' में रहते हुए 1994 तकब्रश से ही कार्टून बनाये। लेकिन शायद लक्ष्मण जैसा संयम मुझमे नहीं था, सो मैंने भी फाउंटेन पेन,स्केच पेन और भी कई तरह के पेनों से कार्टून बनाना शुरू कर दिया। वह रोज के पॉकेट कार्टून के अलावा हफ्ते में पेज एक पर एक ही बॉक्स में तीन-चार कार्टूनों को एक ही फ्रेम में देते थे। मेरी जानकारी में इस तरह का यह दुनिया में पहला प्रयोग रहा होगा। हालाँकि कुछ विषय तो उस कार्टून के बनने की बारी आने तक बासी भी हो जाते थे। बावजूद इसके लोगों में उनका इंतजार रहता था। तभी तो लक्ष्मण ,लक्ष्मण थे .....सबसे अलग,सबसे बेहतर।

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 49

Courtesy : Social Media

Courtesy : DB Post





"You don't need to tell me about the birds and the bees. I downloaded it all from the Internet."

Courtesy : Social Media

Courtesy : Social Media

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 50

Gol Gappe



Courtesy : Social Media

Courtesy : BBC,Hindi

Courtesy : Patrika

Courtesy : Social Media



एक राष्ट्र
एक कर
1 NATION TAX MARKET
GST
GST
व्यवसायियों
को होने वाले लाभ
निर्माता सहित 75 लाख से कम वार्षिक विक्रय वालों को कम्पोजिशन की सुविधा।
एक देश, एक कर और एक बाजार। एक समान कर प्रणाली।
ऑनलाइन कर प्रणाली से होगी सहुलियत
कश्मीर से कन्याकुमारी तक चुंगी नाके समाप्त ।
रोजमर्रा की वस्तुएं होंगी सस्ती, उपभोक्ता की क्रय शक्ति में होगा इजाफा।
16 करों के स्थान पर सिर्फ एक जीएसटी
कर प्रक्रिया बेहद सरल, पारदर्शी एवं एकीकृत।
बाधारहित इनपुट टैक्स की सुविधा।
आम उपभोक्ता
को लाभ
निर्यात बढ़ने से नए उद्योग लगेंगे और युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा।
नकली वस्तुओं का क्रय-विक्रय समाप्त होगा।
उत्पादन की लागत कम होने से उपभोक्ताओं को होगा लाभ।
आम जनता को भी दोहरे कर से मिलेगी मुक्ति
कर प्रणाली का सीधा लाभ जनता को।
व्यवसायियों
से अपेक्षा
व्यवसायी पंजीयन की जानकारी जी.एस.टी.एन. में माइग्रेट कर जी.एस.टी. पंजीयन प्राप्त करें।
पंजीयन माइग्रेट ना करने पर व्यवसाय को नुकसान हो सकता है।
वाणिज्यिक कर कार्यालयों में संचालित हेल्प-डेस्क से सहयोग प्राप्त करें।
या फिर टोल फ्री नंबर 1800-2335-382 पर कॉल करें।
वैट की अंतिम 2 रिटर्न फाइल करने पर आई.टी.सी. का लाभ।
Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़
MAKE IN INDIA
Digital India
छत्तीसगढ़
जनसंपर्क

FEB 2018 TM_Layout 1 3/9/2018 3:16 PM Page 52

RNI No-DELBIL/2014/56498
BOOK POST LIC NO.-DL(E)-20/5492/2016-18
9th & 10th of every month

सेल SAIL

सेल टीएमटी

पसंद
आर्किटेक्टस् की

विश्वास
उपभोक्ताओं का

स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
STEEL AUTHORITY OF INDIA LIMITED
www.sail.co.in
हर किसी कि जिन्दगी से जुड़ा हुआ है सेल

सेल एकीकृत इस्पात संयंत्रों के उत्पाद : अपने करीबी क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क करें

क्षेत्रीय कार्यालय

उत्तरी क्षेत्रः
17वीं मंज़िल, उत्तरी टावर, कोर-1, स्कोप मिनार, लक्ष्मी नगर जिला केंद्र, दिल्ली–110 092.
ई-मेलः rmfpnr@sail-steel.com
rmlpnr@sail-steel.com
rmretailnr@sail-steel.com
फोनः 011-22441825
011-22442105, 011-22444572

पूर्वी क्षेत्रः
इस्पात भवन
40, जवाहरलाल नेहरू रोड कोलकाता–700 071.
ई-मेलः rmfper@sail-steel.com
rmlper@sail-steel.com
rmretailer@sail-steel.com
फोनः 033-22880634
033-22882986, 033-22886423

पश्चिमी क्षेत्रः
दि मेट्रोपॉलिटन
8वीं व 9वीं मंज़िल बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुम्बई-400 051.
ई-मेलः rmfpwr@sail-steel.com
rmlpwr@sail-steel.com
rmretailwr@sail-steel.com
फोनः 022-26571827
022-26571836, 022-26571838

दक्षिणी क्षेत्रः
इस्पात भवन
5 कोडमबक्कम हाई रोड
चेन्नई-600 034.
ई-मेलः rmlpsr@sail-steel.com
rmfpsr@sail-steel.com
rmretailsr@sail-steel.com
फोनः 044-28259660
044-28257164, 044-28285009